30-apri Ambikapur-bhoomipg 1_Layout 1 4/30/2025 9:58 PM Page 1

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 1 मई 2025

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 धूमधाम से मनाया गया भगवान श्री परशुराम का जन्मोत्सव



Chaitanya
chaitanya NEET Academy
कम फीस में, बेहतर शिक्षा
डॉ बनने का सपना पूरा करें
ADMISSION OPEN
NEET
Dropper Batch
CRASH COURSE | DROPPER COURSE | FOUNDATION COURSE
अम्बिकापुर : बनारस रोड सुभाषनगर अम्बिकापुर (छ.ग.)
बिलासपुर : ईदगाह चौक, शिशु भवन के पास, बिलासपुर (छ.ग.)
रायपुर : महादेव घाट चौक के पास, रायपुरा, रायपुर (छ.ग.)
जगदलपुर : LIC ऑफिस के पास चित्रकूट रोड, धरमपुरा 1 नं., जगदलपुर (छ.ग.)
9202462730

# विकास के लिए नगर निगम सरकार ने तैयार किया पांच वर्षों का खाका

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- शहर विकास योजना के तहत 772 करोड़ के कार्यों को किया गया शामिल, शासन को भेजा जाएगा प्रस्ताव
- शॉपिंग मॉल, टीपी नगर, शहर के बीच पार्किंग स्थल सहित अन्य कार्य शामिल

शहर के विकास को नई दिशा देने के साथ ही मूलभूत सुविधाओं के विस्तार के लिए नगर निगम की सरकार ने कार्य योजना तैयार की है। निगम सरकार द्वारा आगामी पांच वर्षों के लिए 7 सौ करोड़ से अधिक के कार्यों को लेकर योजना बनाई है। इसमें शहर में एक शॉपिंग मॉल, टीपी नगर का विकास, शहर के बीच पार्किंग, अस्पतालों के बीच ब्रिज सहित अनेकों निर्माण कार्य शामिल है। ननि सरकार द्वारा इस प्रस्ताव को सामान्य सभा की सदन में पेश किया गया जहां से उसे पूर्ण सहमति के साथ पास किया गया और अब इन विकास कार्यों का खाका शासन को भेजा जाएगा और शासन द्वारा समय समय पर प्राथमिकता के आधार पर निर्माण कार्यों के लिए राशि जारी की जाएगी।

बता दें कि नगर निगम में दस वर्षों के बाद भाजपा की सरकार काबिज हुई है जबकि प्रदेश में भी भाजपा की सरकार है और यही वजह है कि महापौर श्रीमती मंजूषा भगत के नेतृत्व में निगम की सरकार द्वारा विकास कार्यों को लेकर चुनाव के दौरान किए गए वादों को पूर्ण करने की दिशा में काम शुरू कर दिया गया है। बड़ी बात यह है कि विगत पांच वर्षों में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार रहने के दौरान नगर निगम अम्बिकापुर को ख़ासा नुकसान उठाना पड़ा और निगम में मूलभूत सुविधाओं के लिए भी पैसों की कमी बनी रही। यही वजह है कि निगम की सरकार द्वारा अब नए सिरे से शहर के विकास हेतु पहल की गई। ननि महापौर श्रीमती भगत द्वारा शहर विकास योजना तैयार की है और कुल 772.44 करोड़ रूपए का प्रोजेक्ट तैयार किया गया है। इस प्रोजेक्ट में वर्षों पुरानी मांग पुराना बस स्टैंड मे शॉपिंग मॉल के निर्माण हेतु पहल की है। नगर निगम द्वारा अपने शहर विकास योजना में शॉपिंग मॉल के लिए 60 करोड़ रूपए का प्रावधान किया है। हालांकी बताया जा रहा है कि ननि द्वारा पीपीपी मोडल पर इसके निर्माण की योजना बनाई गई है इसके साथ ही शहर की सबसे बड़ी जरुरत ट्रांसपोर्ट नगर को लेकर भी नगर निगम द्वारा प्रस्ताव में शामिल किया गया है। नगर निगम द्वारा टीपी नगर के लिए सीडीपी योजना में 25 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है। टीपी नगर के लिए इस योजना के स्वीकृत होने से आने वाले समय में शहर के रिंग रोड में संचालित गैरेज, भारी वाहनों से शहर वासियों को मुक्ति मिल सकेगी। इसके साथ ही शहर के लगातार होते विकास के मद्देनजर ननि द्वारा जलापूर्ति योजना विस्तार के लिए 35 करोड़ का प्रावधान किया गया है जबकि कंपनी बाजार में वेंडिंग जोन बनाने के लिए 7.37 करोड़ रूपए, जिला अस्पताल के पास अंदर ब्रिज बनाने के लिए लिए 9.85 करोड़, अंदर ग्राउंड इलेक्ट्रिक नेटवर्क कार्य के लिए 20 करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।



## शहर घाट में बनेगा रिवर फ्रंट

नगर निगम सरकार द्वारा अपने शहर विकास योजना में शहर के शंकर घाट के जीर्णोधार की योजना बनाई गई है। शहर के बीच मौजूद एकमात्र बांक नदी के अस्तित्व को बचाने के लिए 8 करोड़ की लागत से शंकरघाट में रिवर फ्रंट का विकास कार्य किया जाएगा। पुष्प वाटिका उद्यान (सरगवां पार्क) में किड्स जोन, पार्टी लोन एवं हाल का निर्माण 5 करोड़ की लागत से कराया जाएगा। गोधानपुर रोड में साइकिलिंग एवं पेडेस्ट्रीयन वाक वे निर्माण हेतु 2.46 करोड़, इन्टीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर निर्माण हेतु 2 करोड़, शहर के विभिन्न स्थानों पर 4 मिनी शॉपिंग मॉल निर्माण हेतु 10 करोड़, तालाबों के सौन्दर्यीकरण के लिए 10 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

### 547 करोड़ से बिछेगा सड़कों का जाल

शहर में वर्तमान में सबसे बड़ी समस्या जर्जर सड़कें है। शहर में प्रवेश के साथ ही शहर के भीतर की सडकों की हालत बेहद दयनीय है। इसलिए नगर निगम सरकार द्वारा शहर में सड़कों की स्थिति को बेहतर करने के लिए 547. 56 करोड़ रूपए का प्रस्ताव तैयार किया गया है। इसमें एमजी रोड से पुराना राईस मिल होते हुए कन्या परिसर तक, न्यू बस स्टैंड से मठपारा तक, खरसिया रोड से महामाया रोड होते हुए चांदनी चौक तक, निकारी क्षेत्र में सीसी सड़क, विभिन्न वार्डों में डामरीकरण, नाला निर्माण, विद्युत विस्तार एवं मेंटेनेंस, सफाई व्यवस्था हेतु उपकरण सहित अन्य प्रोजेक्ट को शामिल किया गया है। इसके साथ ही पूर्व में शासन से एनएच के आधिपत्य में आने वाली 5 सडकों के निर्माण हेतु स्वीकृत 148 करोड़ की स्वीकृति दी गई है जिसे भी इस सूची में शामिल किया गया है।

### पांच वर्षों की योजना

हमने शहर के विकास के लिए पांच वर्षों की कार्य योजना बनाई है। कार्य योजना को सामान्य सभा में पेश किया गया और अब इसे शासन के पास भेजा जाएगा। कुल 772 करोड़ से अधिक के कार्य शामिल है। जरुरत पड़ने पर समय समय पर कार्यों को बढ़ाया जा सकता है। इसके साथ ही शासन द्वारा प्राथमिकता तय कर इन कार्यों को शहर विकास योजना के तहत स्वीकृति प्रदान की जाएगी।
-श्रीमती मंजूषा भगत, महापौर

## खबर संक्षेप

### पीपीटी प्रवेश परीक्षा आज शामिल होंगे 269 विद्यार्थी

**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा 1 मई को पीपीटी 2025 प्रवेश परीक्षा आयोजित की जा रही है। इसके लिए बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में भी प्रातः 9 बजे से दोपहर 12.15 तक परीक्षा आयोजित की गई है। जिले में पीपीटी 2025 प्रवेश परीक्षा के लिए शासकीय महाविद्यालय बलरामपुर को परीक्षा केंद्र बनाया गया है जिसमें 269 परीक्षार्थी प्रवेश परीक्षा में शामिल होंगे।

### जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर हेतु बैठक आज

**अंबिकापुर।** जिला प्रशासन, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वाधान में बालक-बालिकाओं का जिला मुख्यालय में 30 दिवसीय जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। खेल प्रशिक्षण शिविर के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर की अध्यक्षता में जिले में संचालित समस्त खेल संघों के पदाधिकारी, व्यायाम अनुदेशकों एवं जिले के समस्त खेल प्रेमियों को बैठक में सम्मिलित होने कहा गया है। बैठक एनेक्स भवन के कलेक्टोरेट सभा कक्ष में 1 मई को प्रातः 11 बजे बैठक आहूत किया गया है। जिले के समस्त खेल संघों के पदाधिकारी अध्यक्ष/सचिव, व्यायाम अनुदेशकों एवं खेल प्रेमियों से समय पर बैठक में शामिल होने कहा गया है।

### जिला खनिज संस्थान न्यास के शासी परिषद की बैठक स्थगित

**अम्बिकापुर।** सरगुजा जिला खनिज संस्थान न्यास के शासी परिषद की बैठक कलेक्टर सह पदेन अध्यक्ष सरगुजा जिला खनिज संस्थान न्यास की अध्यक्षता में 2 मई को पूर्वान्ह 11 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई थी। उक्त बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है।

### पेड़ से टकराया बाइक सवार, मौत

**अम्बिकापुर।** ग्राम कुंदी में बाइक सवार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल मे मौत हो गई । राजपुर थाना अंतर्गत ग्राम मूनूवा निवासी सुनील कोड़ाकू आ. थोलमा कोडाकू (18 वर्ष) गत दिन किस काम के सिलसिले में ग्राम पकडारी गया था। युवक बाइक से अकेले घर लौटने लगा और जैसे ही ग्राम कुंदी के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक मौके पर ही अचेत हो गया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को गंभीर हालत में मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### पिकअप की टक्कर से स्कूटी सवार शिक्षिका घायल

**बतौली/सेदम।** स्कूल जा रही शिक्षिका को घुटरापारा के समीप पिकअप चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में शिक्षिका गंभीर से घायल हो गए। बतौली के भण्डारडांड़ प्राथमिक शाला में पदस्थ शिक्षिका साधना कुजूर सुबह 9.30 बजे स्कूटी क्रमांक सीजी 15 डी ए 2285 से स्कूल जा रही थी। शिक्षिका जैसे ही ग्राम घुटरापारा मोड़ के समीप पहुंची तभी विपरीत दिशा से आ रहे पिकअप चालक सुगन चौहान ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे शिक्षिका घायल हो गई। घटना की जानकारी लगते ही परिजन शिक्षिका को अंबिकापुर अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार जारी है। बताया जा रहा है कि पिकअप चालक टमाटर लेने पत्थलगांव से ग्राम बोदा जा रहा था वहीं पिकअप लैलूंगा के विजय चौहान का बताया जा रहा है।

### क्षेत्र में फैली सनसनी, पुत्र गया था मामा के घर

# घर में अकेली महिला की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ रजपुरीकला/लखनपुर

**खास बात**
- फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीम कर रही जांच

क्षेत्र के राजपुरीकला में एक महिला की धारदार हथियार से गला रेतकर हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। महिला की लाश उसके घर के कमरे में ही मिली है। घटना के समय महिला घर में अकेली थी और महिला के घर में कोई दरवाजा भी नहीं है। संभावना जताई जा रही है कि आरोपी ने सूनेपन का फायदा उठाकर वारदात को अंजाम दिया गया है। इस घटना के बाद से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस, फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीम द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

बताया जा रहा है कि थाना अंतर्गत ग्राम रजपुरीकला के वार्ड क्रमांक 14 निवासी 40 वर्षीया मुनेश्वरी उर्फ आशा राजवाड़े पति श्यामलाल अपने पुत्र गोलू के साथ रहती थी। महिला का पति विगत दस वर्ष पहले ही घर छोड़कर चला गया था जबकि महिला का बड़ा बेटा सुरेन्द्र रजपुरीकला में ही अपने ससुराल में रहता है। महिला का पुत्र गोलू मंगलवार को अपने मामा के घर पुहपुटरा में चंदन पान कार्यक्रम में शामिल होने गया हुआ था। महिला अपने घर में अकेली थी। संभावना जताई जा रही है कि बीती रात महिला घर में खाना खाने के लिए सोने चली गई थी इसी बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने घर में घुसकर सो रही महिला के गले को धारदार हथियार से काट कर उसकी हत्या की। हत्या के बाद आरोपी हथियार लेकर घर से फरार हो गया। बुधवार की सुबह पड़ोसियों ने महिला की लाश उसके घर के कमरे में जमीन पर पड़ा हुआ देखा तो क्षेत्र में हडकंप मच गया। स्थानीय ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस मयंक मिश्रा के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। पुलिस द्वारा लाश को पीएम के लिए अस्पताल भेजा गया है इसके साथ ही घटना की जांच की जा रही है। फिलहाल हत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है। पुलिस जमीन विवाद के साथ ही अलग अलग तथ्यों के आधार पर जांच का रही है और मोबाइल कॉल की जानकारी निकाली जा रही है।



घटना स्थल पर लोगों की भीड़ व जांच करती पुलिस।

### महिला के घर में नहीं है दरवाजा

बताया जा रहा है कि महिला के मिट्टी के मकान में दरवाजा नहीं है। महिला द्वारा बांस की ठठरी से बंद किया जाता था। इसी बात का फायदा उठाकर हत्यारा घर में आसानी से दाखिल हो गया और महिला की हत्या करने के बाद फरार हो गया। घटना की सूचना के बाद फॉरेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीम भी मौके पर पहुंची थी। डॉग स्क्वायड के स्नीफर डॉग घटना स्थल से नहर किनारे एक बाउंड्रीवाल तक जाने के बाद रुक गया। पुलिस लोहे के गेट और बाउंड्री वाल को फांदकर अंदर गई लेकिन उन्हें वहां कोई सुराग नहीं मिल सका। फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि महिला की हत्या क्यों की गई है। पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है।

### चल रही है जांच

महिला के हत्या की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम घटना स्थल पर पहुंचकर मामले की जांच कर रही है। पुलिस सभी तथ्यों को ध्यान में रखकर मामले की जांच करेगी। जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।
-अमोलक सिंह ढिल्लो
एएसपी सरगुजा

# अथर्व देव तिवारी का चयन राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- बैंगलोर स्थित स्कूल में करेंगे पढ़ाई, देशभर में संचालित है सिर्फ 5 स्कूल

सरगुजा अंचल के छात्र अथर्व देव तिवारी ने राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल की परीक्षा पास करने में सफलता हासिल की है। अर्थव का चयन राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में कक्षा 6वीं में हुआ है। इस चयन से अर्थव के परिजन के साथ ही क्षेत्र के लोगों में हर्ष का माहौल है।

बता दें कि देशभर में कुल 5 राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल संचालित है और इस स्कूल का संचालन सीधे तौर पर डिफेन्स मिनिस्ट्री द्वारा किया जाता है। राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में चयन के लिए भी सैनिक स्कूल की तर्ज पर ही परीक्षा होती है। हाल ही में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल में कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा का आयोजन किया गया था और इस परीक्षा में राजपुर के मिशन स्कूल के समीप रहने वाले अथर्व देव तिवारी आ. प्रताप देव तिवारी ने भी परीक्षा दी थी। लिखित परीक्षा में अथर्व ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की जिसके बाद मेरिट सूची जारी कर अथर्व को इंटरव्यू के लिए बुलाया गया था। इंटरव्यू में भी अथर्व ने सफलता हासिल की और अब जो मेरिट सूची जारी की गई है उसमें देश भर में मौजूद पांच राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूलों में से एक बैंगलोर स्थित राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल के लिए अथर्व का चयन किया गया है। अथर्व अब रास्ट्रीय मिलिट्री स्कूल बैंगलोर में कक्षा 12वीं तक अपनी पढ़ाई करेंगे। बड़ी बात यह है कि अथर्व के पिता प्रताप देव तिवारी भी भूतपूर्व सैनिक है। अथर्व के पिता ने लम्बे समय तक आर्मी में रहकर अपनी सेवाएं दी है और अब उनके सुपुत्र का चयन देश के चुनिन्दा मिलिट्री स्कूल में हुआ है। इस राष्ट्रीय स्कूल में चयन से अथर्व के माता पिता के साथ ही समाज व क्षेत्र के लोगों में हर्ष का माहौल है। प्रताप देव तिवारी ने बताया कि राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल परीक्षा में सफलता के लिए अथर्व ने दिल्ली में एक वर्ष तक रहकर पढ़ाई की है।

# केन्द्रीय जेल अंबिकापुर का प्रधान जिला न्यायाधीश ने किया निरीक्षण

- बंदियों की सुनीं समस्याएं, सुधारात्मक दिशा में दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**अम्बिकापुर।** बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं प्रधान जिला न्यायाधीश केएल चरयाणी ने केंद्रीय जेल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सुमित कुमार हर्षयाना मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, सुश्री लीनम बनसोड़े, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंबिकापुर व जेल अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान प्रधान जिला न्यायाधीश श्री चरयाणी ने जेल परिसर की विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने ने बैरकों की स्वच्छता, भोजन की गुणवत्ता, स्वास्थ्य सेवाएं, एवं बंदियों को उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी ली। बंदियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं जानी और शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रधान जिला न्यायाधीश श्री चरयाणी ने निरीक्षण के दौरान महिला बैरक का भी विशेष निरीक्षण किया। वहां बंदी महिलाओं से चर्चा कर उनकी व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने महिला बंदियों के बच्चों से भी स्नेहपूर्वक मुलाकात कर टॉफियां वितरित की और उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान जेल प्रशासन को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि जिन बंदियों के पास अधिवक्ता नहीं हैं उन्हें निःशुल्क विधिक सहायता मुहैया कराई जाए। उन्होंने जेल मैनुअल के अनुसार सभी सुविधाएं बंदियों को प्रदान करने, नियमित चिकित्सा जांच एवं गर्मियों को देखते हुए समुचित प्रबंध सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।



### शिविर में 30 लोगों का बनाया गया लर्निंग लाइसेंस

**मैनपाट।** परिवहन विभाग द्वारा जनपद पंचायत मुख्यालयों में शिविर लगाकर लर्निंग लाइसेंस बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सुशासन तिहार के तहत जनपद मुख्यालय मैनपाट में शिविर लगाकर लर्निंग लाइसेंस बनाने का कार्य किया गया। शिविर में 30 लोगों का लर्निंग लाइसेंस बनाया गया जबकि लगभग 2 सौ आवेदन जमा किए गए। सुबह से ही लर्निंग लाइसेंस हेतु युवक युवतियां जनपद मुख्यालय पहुंचे थे। बड़ी संख्या में युवक युवतियों की भीड़ देखकर आरटीओ कर्मचारियों के पसीने छूटने लगे। दोपहर 1 बजे तक फॉर्म लिया गया।



# नेटबॉल राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के लिए चयन ट्रायल में शामिल हुए खिलाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राष्ट्रीय नेटबॉल चैम्पियनशिप में हिस्सा लेने के लिए संभाग के युवा खिलाड़ी चयन ट्रायल में शामिल हुए। इस दौरान खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बता दें कि नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की नेटबॉल टीम 2025-26 सत्र के सभी राष्ट्रीय नेटबॉल चैंपियनशिप में भाग लेंगी। जिसके लिए बुधवार को सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर श्रेणियों का ट्रायल गांधी स्टेडियम में स्थित बास्केटबॉल ग्राउंड में किया गया। इस चयन ट्रायल में सूरजपुर, कोरिया, बलरामपुर, जशपुर, सरगुजा के खिलाड़ियों ने भाग लिया। संभाग प्रभारी राष्ट्रीय कोच राजेश प्रताप सिंह ने बताया कि इसमें संभाग के खिलाड़ियों ने भाग लिया और राष्ट्रीय नेटबॉल मेडलिस्ट खुशबू गुप्ता ने सभी खिलाड़ी को खेल की बारीकियों एवं तकनीकों के बारे में बताया। संघ के सचिव रजत सिंह ने कहा इस सत्र में सब-जूनियर, जूनियर और सीनियर श्रेणियों में ट्रेडिशनल नेटबॉल, फास्ट 5, मिक्स्ड नेटबॉल और बीच नेटबॉल प्रतियोगिता आयोजित होने वाली जिसमें सरगुजा संभाग के खिलाड़ी प्रदेश टीम में शामिल होंगे।

### बाइक और रुपयों के लिए किया जा रहा था प्रताड़ित, बतौली क्षेत्र की घटना

# दहेज प्रताड़ना से तंग आकर महिला ने की आत्महत्या, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



दहेज प्रताड़ना से तंग आकर महिला द्वारा फंसी लगाकर आत्महत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। आरोपी पति द्वारा महिला से बाइक और रुपयों की मांग करने के साथ ही उसे लगातार प्रताड़ति किया जा रहा था। पुलिस ने जांच उपरान्त आरोपी के खिलाफ यह कार्रवाई की है।

बतौली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना अंतर्गत ग्राम टिरंग निवासी रविना पैकरा आ. शिव प्रसाद पैकरा 12 नवम्बर 2024 को अपने रिश्तेदारों के साथ बांसाझाल साप्ताहिक बाजार गई थी। बाजार से वापस आने बाद अचानक ही रवीना पैकरा गायब हो गई थी जिसके बाद परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। इसी मृतिका के भाई ने बहन की लाश घर से थोड़ी दूर पर स्थित बीही पेड़ से फांसी पर लटकी मिली। ऐसे में मृतिका के पिता शिव प्रसाद पैकरा ने 13 नवम्बर को घटना की सूचना पुलिस को देते हुए पति दीपक पैकरा पर दहेज के लिए प्रताड़ति करने का आरोप लगाया था। मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया और मामले की जांच की जा रही थी। जांच के दौरान यह बात सामने आई कि शादी के बाद दीपक पैकरा पत्नी रवीना पैकरा को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ति कर रहा था। पति द्वारा पत्नी से बाइक और रुपयों की मांग की जा रही थी और दहेज प्रताड़ना से तंग आकर ही रवीना पैकरा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस द्वारा इस मामले में आरोपी की तलाश की जा रही थी। इस दौरान पुलिस ने सूरजपुर जिले के प्रतापपुर सरनापारा मायापुर निवासी 25 वर्षीय दीपक पैकर आ. लक्ष्मण पैकरा को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 80 (2) के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। इस कार्रवाई में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सीतापुर राजेंद्र मंडावी, थाना प्रभारी बतौली सीपी तिवारी, सउनि संजय गुप्ता, महिला आरक्षक मेरी क्लोरेट, आरक्षक राजेश खलखो, भगलू राम गजानन सक्रिय रहे।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**अम्बिकापुर।** गांव में बारात देखने जा रहे बाइक सवार को विपरीत दिशा से आ रहे वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बलरामपुर थाना अंतर्गत ग्राम खड़िया निवासी बीनू आ. उटा राम (23 वर्ष) गत दिन गांव में बारात आने पर बाइक से अकेले देखने जा रहा था। जैसे ही युवक पुलिया के समीप पहुंचा तभी विपरीत दिशा से आ रहे अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार फरार हो गया। इधर घटना की जानकारी लगने पर परिजन युवक को बलरामपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर अंबिकापुर रेफर कर दिया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर जनदर्शन में 29 आवेदन हुए प्राप्त

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के मार्गदर्शन पर अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार ने कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याएं सुनी। जिले के ग्रामीणजन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे अपर कलेक्टर अनिल कुमार सिदार के समक्ष रखा गया। जिसका जिला प्रशासन द्वारा यथासंभव तेजी से निराकरण करने का प्रयास किया जा रहा है। जनदर्शन में कुल 29 आवेदन प्राप्त हुए।

### अंजलि को जनदर्शन में मिला संबल

**बैकुण्ठपुर।** जिला मुख्यालय में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में एक मार्मिक दृश्य देखने को मिला, जब ग्राम फूलपुर की छात्रा अंजलि एक अपनी पढ़ाई से जुड़ी समस्या को लेकर कलेक्टर के समक्ष उपस्थित हुइं। छात्रा की बात को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने उसका आवेदन तत्काल संज्ञान में लिया और संबंधित शिक्षा अधिकारी को यथा संभव शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। प्रशासन की त्वरित कार्रवाई से भावुक हुई अंजलि ने कहा कि मैंने कल्पना भी नहीं की थी कि मेरी बात इतनी जल्दी सुनी जाएगी।

### सोनू को 7 दिन में मिला नया राशन कार्ड

**मनेन्द्रगढ़।** सुशासन तिहार 2025 पहल आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है। तीसरा चरण 5 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविरों के आयोजन के रूप में होगा, जहां आम नागरिक सीधे अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से संवाद कर सकेंगे। इसका प्रभाव रांपा भरतपुर जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर निवासी सोनू के मामले में स्पष्ट रूप से देखा गया। सोनू ने 11 अप्रैल को नया राशन कार्ड बनवाने के लिए आवेदन किया था, जिसका निराकरण करते हुए 18 अप्रैल को उन्हें नया राशन कार्ड प्रदान किया गया।

### बाल विवाह रोकने निकाली गई जागरूकता रैली

**अनूपपुर।** कलेक्टर हर्षल पंचोली के निर्देशानुसार महिला एवं बाल विकास परियोजना अनूपपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत, आंगनबाड़ी केन्द्रों तथा विद्यालयों में बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत एक भी बाल विवाह न हो सके, इसके लिए विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया।

बेहतर स्वास्थ्य एवं सुविधा विस्तार के लिए हम प्रतिबद्धः श्यामबिहारी

# स्वास्थ्य सेवाओं में कोरिया की बड़ी उपलब्धि, मिला राज्यस्तरीय सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कोरिया जिले ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करते हुए राष्टीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) और राष्टीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस) में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चार विभिन्न श्रेणियों में राज्य स्तरीय सम्मान प्राप्त किया है।

यह सम्मान राजधानी रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय स्वास्थ्य सम्मान समारोह में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया एवं आयुक्त संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला की विशेष उपस्थिति रही। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि प्रदेश में बेहतर अधोसंरचना और सुविधा विस्तार के लिए सरकार प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने सभी डॉक्टरों और स्टॉफ से कहा कि मरीजों के बेहतर जांच, उपचार के लिए संकल्पबद्ध रहे। अस्पताल में आने वाले मरीजों व उनके परिजन के साथ आत्मीय व्यवहार रखें। विदित हो कि कोरिया जिले को राज्य टीबी स्कोर में उत्कृष्ट प्रदर्शन, 100 दिवसीय निश्चय निरामय अभियान में सफलता, टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान में सक्रिय भागीदारी और सर्वश्रेष्ठ टीबी यूनिट का उत्कृष्ट संचालन कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इसके साथ ही, राष्टीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत भी जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन को मान्यता दी गई। जिला स्वास्थ्य विभाग को प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने जिले के स्वास्थ्य विभाग के पूरे टीम को बधाई देते हुए कहा कि जिला अस्पताल सहित सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों के बेहतर जांच, इलाज और दवाई वितरण का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा साफ-सफाई नियमित होते रहें और समय पर स्टॉफ की उपस्थिति भी सुनिश्चित रहे, ताकि मरीजों को किसी भी तरह की परेशानियों का सामना करना न पड़े। डॉ. प्रशांत सिंह ने इस उपलब्धि का श्रेय कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के कुशल नेतृत्व और मार्गदर्शन को देते हुए बताया कि जिले में संचालित सभी स्वास्थ्य कार्यक्रम उनके सतत निगरानी में प्रभावी रूप से संचालित हो रहे हैं। सम्मान समारोह में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आयुष जायसवाल, डीपीएम अशरफ अंसारी सहित कोरिया जिले की स्वास्थ्य टीम को मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया गया।



स्वास्थ्य मंत्री के हाथो सम्मानित होते अधिकारी।

### एमसीबी को क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में मिला पहला स्थान

**मनेन्द्रगढ़।** राजधानी रायपुर में बुधवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले को क्षय (टीबी) उन्मूलन कार्यक्रम में राज्य स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही राष्टीय गुणवत्ता आश्वासन मानक में भी जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अविनाश खरे, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. पुष्पेन्द्र सोनी और स्वास्थ्य विभाग की समर्पित टीम को सम्मानित किया। पुरस्कार समारोह के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने जिले की टीम की सराहना करते हुए कहा कि एमसीबी जिला स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है और यह पुरस्कार उनकी मेहनत और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। कार्यक्रम में प्रदेशभर से स्वास्थ्य अधिकारी, डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ व विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे। जिले को यह सम्मान न केवल क्षय रोग नियंत्रण में किए गए समर्पित कार्यों के लिए मिला है, बल्कि अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए किए गए प्रयासों की भी सराहना की गई।

प्रभावित हो रहा था योजना का उद्देश्य

# लापरवाही करने वाले 25 आवास मित्रों की गई सेवाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

एमसीबी जिले के जनपद पंचायत खड़गवां ,मनेन्द्रगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत नियुक्त आवास मित्रों की लापरवाही सामने आई है।

जिला पंचायत कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार इन आवास मित्रों को आबंटित ग्राम पंचायतों में कार्य में लापरवाही बरतने, प्रगति शून्य रहने, बैठकों में अनुपस्थित रहने और क्षेत्रीय दौरा नहीं करने के कारण सेवा से पृथक कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार खड़गवां जनपद पंचायत के तहत कार्यरत आवास मित्र गोल्डी दास, द्वारिका प्रसाद, कलावती, बलराम, विक्की काशी, गौरव शर्मा, आशीष कुमार, अजीत कुमार, अंजना, आदित्य मलिक, अनिल कुमार, विनय सिंह, विनय कुमार निराला, पूजा सिंह और जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़ कार्यरत आवास मित्र कुमारी प्रिया सिंह, श्रीमती पूनम साहू, अभिषेक टोप्पो, अलविना एक्का, राम प्रसाद सिंह, कुमारी मायावती, प्रिया साहू, गीत, शोभन सिंह, नरेन्द्र कुमार एक्का, श्रीमती गीता केवट के कार्य से सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। इनके खिलाफ आरोप था कि ये अपने-अपने आबंटित ग्राम पंचायतों में निर्धारित दायित्वों का पालन नहीं कर रहे थे, जिससे प्रधानमंत्री आवास योजना के लक्षित उद्देश्यों की प्राप्ति प्रभावित हो रही थी।

■ मग्राम पंचायतों में निर्धारित दायित्वों का नहीं कर रहे थे पालन

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मनेन्द्रगढ़, खड़गवां द्वारा भेजे गए प्रस्ताव के द्वारा इन आवास मित्रों को पद से पृथक करने का प्रस्तावित किया गया था एवं जनपद पंचायत भरतपुर-मनेन्द्रगढ़ के तहत आवास प्लस सर्वे में लापरवाही करने वाले प्रगणको आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चंद्रावती मौर्य, पंचायत सचिव राकेश कुमार गोयल, रोजगार सहायक अरूण मिश्रा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती सकुंती बाई, रोजगार सहायक सुनील सिंह, रोजगार सहायक त्रिभूवन सिंह, डाटा एंट्री ऑपरेटर ललित, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शोभा पतवार, रोजगार सहायक शारदा कुमारी, पंचायत सचिव बबन सिंह, रोजगार सहायक जय सिंह को कारण बात नोटिस जारी किया गया।

# अवैध शराब और गांजा के साथ दो गिरफ्तार



**बैकुण्ठपुर।** जिले की खड़गवां पुलिस ने थाना क्षेत्र में दो आरोपियों के पास अवैध शराब एवं गांजा जब्त कर उनके विरूद्ध अपराध दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

पुलिस से मिलती जानकारी के अनुसार बीते 28 अप्रैल को मुखबीर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने खड़गवां थाना क्षेत्र के ग्राम पैननारी मेन रोड जंगल के पास ग्राम पैनारी महादेवपाली निवासी प्रियांशु सिंह उम्र 23 वर्ष के कब्जे से 26 पाव अंग्रेजी शराब कीमत 3900 रूपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34 (1) (क), 42 आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर कार्रवाई की। इसी दिन एक दूसरे मामले में पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर मादक पदार्थ गांजा का बिक्री करने के उद्देश्य अवैध रूप से परिवहन कर रहे आरोपी थाना बैकुंठपुर क्षेत्र के ग्राम करीलधोवा निवासी सुरेश कुमार पिता रंग बहादुर उम्र 31 वर्ष को ग्राम अखराडॉड़ भुकभुकी तिराहा के पास घेराबंदी कर तलाशी ली गई तो बाइक में अवैध रूप से रखे 2 किलो 195 ग्राम गांजा कीमत 30 हजार रूपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। पुलिस की कार्रवाई में थाना प्रभारी खड़गवां विजय सिंह, सहायक उप निरीक्षक नईम खान, प्रधान आरक्षक हरीश शर्मा, आरक्षक अखिलेश जायसवाल, मो.आजाद, दिनेश साहू, सैनिक प्रमोद साहू आदि का योगदान रहा।

### शादी-पार्टियों के बाद अब कचरा छोड़े तो खैर नहीं

**डोमनहिल।** नगर पालिक निगम चिरमिरी द्वारा ओपन मैदानों में शादी और पार्टियों के बाद छोड़े गए कचरे को लेकर सख्त रुख अपनाया गया है। निगम आयुक्त के निर्देश पर स्वच्छता प्रभारी उमेश तिवारी ने विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी कि शादी-पार्टियों के उपरांत कार्यक्रम स्थल पर कचरा छोड़ देने से न केवल गंदगी फैलती है, बल्कि विभिन्न बीमारियों की संभावना भी बढ़ जाती है। इसके साथ ही बचे हुए खाद्य पदार्थों को जानवर खाने लगते हैं, जिससे कई बार उनकी मृत्यु तक हो जाती है। इस गंभीर समस्या को देखते हुए राज्य शासन द्वारा नगरीय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन उपभोक्ता प्रभार अंतर्गत बारातघर, मैरिज हॉल एवं 3000 वर्गमीटर तक के खुले क्षेत्रों के लिए उपयोगकर्ता शुल्क (यूजर चार्ज) निर्धारित किया गया है। स्वच्छता प्रभारी ने स्पष्ट किया कि अब निर्धारित यूजर चार्ज जमा करने के उपरांत ही शादी व पार्टी जैसे आयोजन संभव होंगे।

### एम.कॉम छात्राओं ने किया मसाला उद्योग का शैक्षणिक भ्रमण

**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर की एम.कॉम द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं ने 26 अप्रैल को वंदना मसाला उद्योग मझगवां और वेजीटेबल कल्टीवेशन सेंटर केनापारा का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.आरएन कच्छप के निर्देशन और वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सुमित कुमार डे, सहायक प्राध्यापक मोहम्मद अमजद व रिचा चेलकर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। छात्राओं ने सर्वप्रथम मझगवां स्थित वंदना मसाला उद्योग का निरीक्षण किया, जो कि स्व-सहायता समूह द्वारा संचालित हैं। उद्योग की संचालिका श्रीमती वंदना ने छात्राओं को मसाला निर्माण की प्रक्रिया की जानकारी दी, जिसमें धनिया, हल्दी और लाल मिर्च पाउडर का उत्पादन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि यह उद्योग बैकुंठपुर, सूरजपुर, मनेन्द्रगढ़ और अंबिकापुर के बाजारों में थोक विक्रय कर रहा है।









## 4196 छात्र परीक्षा में बैठे थे, इनमें 4110 उत्तीर्ण

**बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में कक्षा 5 वीं एवं 8 वीं की केन्द्रीकृत परीक्षा का परिणाम बुधवार को घोषित कर दिया गया। परीक्षा का आयोजन लोक शिक्षण संचालनालय, रायपुर छग के निर्देशानुसार तथा कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार परीक्षाएं आयोजित की गई थीं। परीक्षा परिणाम की घोषणा के साथ ही जिलेभर के विद्यालयों में उत्सव का माहौल रहा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विद्यालय स्तर पर मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया, जिससे उनका मनोबल और उत्साह बढ़ाया जा सके। जानकारी के मुताबिक कक्षा पांचवीं में कुल 4222 छात्र अध्ययनरत थे, जिसमें से 4196 छात्र परीक्षा में बैठे थे, इनमें से 4110 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, इस तरह 97.95 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा, वहीं कक्षा आठवीं में कुल 4217 छात्र अध्ययनरत थे, जिसमें से 4176 छात्र परीक्षा में बैठे थे, इनमें से 4051 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए, इस तरह 97.01 प्रतिशत परीक्षा परिणाम रहा।

### कलेक्टर जनसुनवाई में 61 आवेदन हुए प्राप्त

**अनूपपुर।** कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में 29 को जनसुनवाई का आयोजन किया गया, जिसमें कलेक्टर हर्षल पंचोली ने आम नागरिकों से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में 61 आवेदन प्राप्त हुए।

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202504020700067/
विषयः-अ-6 मामले की श्रेणीः- राजस्व
सनः- 2024-2025
अंबिकापुर प.ह.न. 00015
[2354/22( 0.0340 हे. )]
पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार- आशीष कुमार करन,
अनावेदक पक्षकार-रेणुका रानी

**ईश्तहार**

आवेदक आशीष कुमार करन पिता स्व.जदुपति करन व अन्य निवासी ग्राम अम्बिकापुर स्थित भूमि खसरा नंबर 2354/22 रकबा 0.034 हे.भूमि के राजस्व अभिलेखो से स्व. रेनुका रानी करन का नाम विलोपित कर फौती नामांतरण दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 14/5/25 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/04/2025 को जारी किया जाता है।

UMESHWAR SINGH BAJ
तहसीलदार, तहसील-अम्बिकापुर































# TOP IN SURGUJA












**खबर संक्षेप**



## यूपीएससी चयनित केशव गर्ग का बतौली में हुआ स्वागत

**बतौली/सेदम।** बतौली के होनहार युवा केशव गर्ग का यूपीएससी में चयन होने के बाद प्रथम नगर आगमन पर नागरिकों ने भव्य स्वागत किया है। यूपीएससी में 496 वां रैंक हासिल कर बतौली के स्व. विनोद गर्ग पुत्र ने क्षेत्र का नाम रोशन किया है। केशव गर्ग का प्रथम आगमन पर बतौली में ढोल नगाड़े के साथ स्वागत किया गया। कोरोना काल में पिता की मौत के बाद बड़े भाई चंद्रकांत गर्ग ने व्यवसाय संभाला तब जाकर अपने तीसरे प्रयास में उन्होंने 496 रैंक हासिल किया। इस दौरान प्रवीण गर्ग, नितेश गर्ग, निशांत अग्रवाल, उमेश गर्ग, राजेश गर्ग, आनंद गुप्ता, मुकेश गुप्ता, सुरेश चंद्र गुप्ता, आयुष गर्ग, विष्णु गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर उमावि के परीक्षा परिणाम की घोषणा



**अंबिकापुर।** सरस्वती शिशु मंदिर उमावि सुभाषनगर बुधवार को की वार्षिक परीक्षाफल की घोषणा की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में लाईफ लाईन हॉस्पिटल के संचालक एवं सरस्वती शिक्षा संस्थान छग सरगुजा विभाग के विभाग प्रमुख विवेक दुबे, सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. श्रीमती श्रद्धा मिश्रा शामिल हुए। स्कूल के परीक्षा प्रभारी चिरंजीव सिंह द्वारा परीक्षाफल की घोषणा की गई। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत रहा। कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वालें छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में अपने विद्यालय जीवन के बारे में बताया तथा सफल होने के लिए सतत प्रयत्न करने का भी सुझाव दिया। मुख्य अतिथि ने उत्तीर्ण हुए छात्रों को शुभकामनाएं दी तथा हर संभव मदद करने का आश्वासन भी दिया। इस दौरान विद्यालय परिवार के आचार्य, शिक्षक, छात्र छात्राएं और अभिभावक मौजूद थे।

## विद्यार्थियों ने महामाया शक्कर कारखाना का किया भ्रमण



**बतौली/सेदम।** पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम बतौली के कक्षा 6वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने चार चरणों में शैक्षणिक भ्रमण किया। चौथे एवं अंतिम चरण में एसएमडीसी अध्यक्ष राजेंद्र पैकरा ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया। कक्षा 6वीं, 7वीं , 8वीं एवं 11वीं के विद्यार्थियों ने महामाया शक्कर कारखाना केरता प्रतापपुर का भ्रमण किया। विद्यार्थियों ने गन्ने से शक्कर का उत्पादन किस प्रकार किया जाता है उसके प्रक्रियाओं के बारे में बारीकी से जाना। श्री यादव ने विस्तार से बच्चों को बताया और विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दिया। इसके पश्चात संजय पार्क अंबिकापुर में भ्रमण किया वहां वन्य जीव, पक्षियों तथा बागवानी को विद्यार्थियों ने देखा तथा वन्य जीव संरक्षण के महत्व को जाना। प्राचार्य राजेश गुप्ता के मार्गदर्शन में भ्रमण टीम के मैनेजर के रूप में दलबीर एक्का, विनोद तिर्की, सुरेश जायसवाल, रामसेवक गुप्ता रहे। इससे पूर्व विद्यार्थियों ने कृषि विज्ञान केंद्र, हवाई अड्डा, रेलवे स्टेशन, रामगढ़, महेशपुर का भ्रमण किया था और वहां पुराने अवशेषों तथा पुरातात्विक अवशेषों के बारे में ज्ञानवर्धक जानकारी प्राप्त किया। इस दौरान विनय गुप्ता, आशीष पैंकरा, श्रीमती फ्रिस्किला एक्का, कुमारी पायल पटेल, ममता गोस्वामी, नेहा यादव, विनोद यादव, देवस्ती कुजूर, अजय यादव, अंकित अग्रवाल, राकेश उपाध्याय सहित अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

## शराब पीकर उत्पात मचा रहे बाइकर पर कोर्ट ने लगाया जुर्माना

**अंबिकापुर।** शराब पीकर शहर में उत्पात मचाने वाले बाइकर्स के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने चालक के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया है। वहीं कोर्ट ने आरोपी के खिलाफ जुर्माना लगाया गया है। बता दें कि सरगुजा पुलिस द्वारा यातायात नियमो के अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में यातायात पुलिस टीम द्वारा दौरान पेट्रोलिंग रिंग रोड़ मे मोटरसायकल क्रमांक सीजी 15 ईबी 4956 के वाहन चालक कों काफी तेज एवं खतरनाक तरीके से चलाते हुए पाया गया। यातायात पुलिस टीम द्वारा वाहन चालक कों मौक़े पर रोक कर पूछताछ की गई तो चालक शराब के नशे में धुत था। पुलिस द्वारा मामले में वाहन चालक के खिलाफ धारा 184, 185, 3/181, 128/194, 146/196, 130(3)/177 मोटर व्हीकल एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर मामला न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। न्यायालय द्वारा उपरोक्त प्रकरण मे वाहन चालक को 19 हजार 500 रूपए का अर्थदंड लगाया गया है। इस कार्रवाई में यातायात शाखा प्रभारी निरीक्षक अश्वनी सिंह, प्रधान आरक्षक जितेंद्र यादव, आरक्षक कृष्णचंद यादव सक्रिय रहे।

### सर्दी-खांसी व उल्टी-दस्त से पीड़ित हो रहे लोग

# मौसम में बदलाव के साथ ही लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा विपरीत असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गर्मी का मौसम शुरू के साथ पिछले सप्ताह हुई बारिश के बाद मौसम में अचानक बदलाव हो गया जिसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ने लगा है। तापमान में अचानक वृद्धि होने से उमस व गर्मी से लोग परेशान है। मौसम हो रहे उतार चढ़ाव के कारण अब बड़े से लेकर बच्चे भी सर्दी, खांसी, बुखार के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों में लोग उल्टी-दस्त से पीड़ित होने लगे। ऐसे में मेडिकल कॉलेज अस्पताल समेत निजी अस्पताल में मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है। चिकित्सक भी बदलते मौसम में अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान देने के अलावा दूषित पानी व बासी भोजन से परहेज करने की सलाह दे रहे है।

**खास बात**
- अस्पताल में बढ़ी मरीजों की संख्या

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में कुछ दिनों से मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है जिससे हर रोज ओपीडी में भी मरीज के परिजन की भीड़ बढ़ने लगी है। ओपीडी में शहर की अपेक्षा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों की ज्यादा भीड़ होती है जो मौसमी बीमारी का इलाज कराने पहुंचते है। चिकित्सकों के मुताबिक हुई बारिश के बाद अचानक तापमान में वृद्धि होने तथा गर्मी व उमस बढ़ जाने से इसका विपरीत असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। ऐसे में छोटे से लेकर बड़े भी मौसम के अचानक बदल जाने से सर्दी, खांसी व बुखार के अलावा उल्टी-दस्त से पीड़ित होने लगे। इन दिनों मेडिकल कॉलेज अस्पताल के अलावा निजी अस्पतालों में भी मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के ओपीडी में कुछ दिनों से मरीजों की संख्या वृद्धि हुई है हालांकि ओपीडी में विभिन्न बीमारियों की जांच कराने लोग आते है परंतु उनमें अधिकांश लोग मौसमी बीमारी से पीड़ित होते है। इस प्रकार की स्थिति एमसीएच में भी जहां परिजन बच्चों के सर्दी-जुकाम, बुखार व उल्टी दस्त की शिकायत को लेकर जांच कराने पहुंच रहे है। चिकित्सकों का मानना है कि मौसम के उतार-चढ़ाव के कारण इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है और मरीजों की संख्या भी बढ़ी है।



ओपीडी में लोगों की भीड़।

**परहेज करने की सलाह**

चिकित्सकों के मुताबिक मौसम में बदलाव होने के कारण लोग सर्दी, खांसी व उल्टी-दस्त से पीड़ित हो रहे है। चिकित्सकों का कहना है कि इस मौसम में जहां तक हो सके लोगों को ताजा भोजन करना चाहिए। साथ ही बासी भोजन व कुआं ढोढ़ी के पानी से परहेज करना चाहिए। जहां तक हो सके सर्दी, खांसी के लक्षण दिखाई देने पर गर्म पानी तथा काढ़ा का उपयोग करना चाहिए। चिकित्सकों ने बच्चों को भी काढ़ा पिलाने की सहाल देते है।

**उल्टी दस्त से पीड़ित पहुंच रहे अस्पताल**

चिकित्सकों के अनुसार ठंड के बाद अचानक तापमान बढ़ने से इसका असर लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। वर्तमान में सर्दी, खांसी, बुखार के मरीजों की संख्या बढ़ी है। इसके अलावा उल्टी दस्त से पीड़ित मरीज अस्पताल पहुंच रहे है। मौसम बदलने के कारण बच्चे व बडे आशिक रूप से बीमार पड़ रहे है।

**बढ़े है मरीज**

मौसम के बदलने के कारण लोगों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। अचानक मौसम बदलने से मरीजों की संख्या बढ़ी है। लोग सर्दी, खांसी व बुखार के अलावा उल्टी दस्त के मरीज भी उपचार कराने अस्पताल पहुंच रहे है।
-डॉ. जेके रेलवानी
सिविल सर्जन व शिशु रोग विशेषज्ञ

# सरगुजा सांसद ने बरियों नीर का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

सांसद चिंतामणि महाराज ने नगर में पेयजल आपूर्ति स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्राम पंचायत बरियों में वाटर एटीएम बरियों नीर का निरीक्षण किया जिसके माध्यम से ग्रामीणों, राहगीरों को शुद्ध और ठंडा पेयजल निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने वाटर एटीएम से स्वयं बोतल में ठंडा पानी भरकर पानी भी पिया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से जल आपूर्ति की नियमितता और गुणवत्ता के बारे में भी जानकारी ली। सांसद श्री महाराज ने कहा कि गर्मी के मौसम में स्वच्छ और ठंडे पानी की आवश्यकता अधिक होती है। इसके लिए बरियों नीर जैसी पहल से ग्रामीण जनों को काफी सुविधा होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समय-समय पर वाटर एटीएम की सफाई और गुणवत्ता जांच की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि ग्रामीणों को लगातार शुद्ध पेयजल मिलता रहे।






# जिले में नहरों और जलाशयों की सफाई व मरम्मत कार्य प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

जिले में किसानों को बेहतर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने हेतु जल संसाधन विभाग ने नहरों और जलाशयों के स्लज की सफाई और मरम्मत कार्य प्रारंभ कर दिया है। रामानुजनगर ब्लॉक के सेंदुरी, बद्रिकाश्रम और सोनपुर जलाशय तथा सूरजपुर ब्लॉक के लॉचीं जलाशय में यह कार्य तेजी से चल रहा है। सेंदुरी जलाशय की रूपांकित क्षमता 117 हेक्टेयर है, किंतु नहरों की जर्जर स्थिति के कारण अब तक मात्र 55 हेक्टेयर क्षेत्र में ही सिंचाई हो पा रही थी। साफ-सफाई और मरम्मत कार्य पूर्ण होने के उपरांत पूरे 117 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। इसी प्रकार बद्रिकाश्रम जलाशय जिसकी क्षमता 160 हेक्टेयर है, वहीं अब तक केवल 40 हेक्टेयर में ही सिंचाई हो रही थी। सोनपुर जलाशय में 133 हेक्टेयर के विरुद्ध मात्र 60 हेक्टेयर में सिंचाई सुविधा थी जो अब पूरी क्षमता तक पहुंचाई जाएगी। कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देश पर वर्षा ऋतु पूर्व जिले के सभी जलाशयों और नहरों की सफाई एवं मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है। लॉचीं जलाशय के नहर का मरम्मत कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। सुधार कार्यों के पूर्ण होने से लगभग 500 कृषक को बेहतर सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी, जिससे न केवल कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी।

- किसानों को मिलेगी बेहतर सिंचाई सुविधा

# युवक की प्रताड़ना से तंग आकर युवती ने लगाई फांसी, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

युवती द्वारा मानसिक प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगाने के मामले में रामचन्द्र पुलिस ने प्रेमी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ना ही युवती से खुद शादी कर रहा था और ना ही उसकी शादी कहीं होने दे रहा था और इसी बात से तंग आकर युवती ने आत्म हत्या की थी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार रामचंद्रपुर थाना अंतर्गत रहने वाले ग्रामीण ने 26 अप्रैल को थाने में आकर शिकायत दर्ज कराई थी कि वह घटना दिवस को महुआ बीनने गया हुआ था इस दौरान उसके पुत्र ने फोन कर बताया कि उसकी पुत्री ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। युवती द्वारा आत्महत्या किए जाने की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया गया। इसके साथ ही पुलिस को मृतिका के पास से एक सुसाइड नोट मिला था। सुसाइड नोट में पवन कुमार सिंह का नाम लिखा हुआ था। पुलिस की जांच में यह बात सामने आई कि मृतिका और आरोपी पवन कुमार सिंह के बीच प्रेम संबंध था और मृतिका आरोपी से शादी करना चाहती थी लेकिन उसने शादी करने से इनकार कर दिया इसके साथ ही आरोपी युवती की शादी किसी अन्य से भी नहीं होने दे रहा था और मृतिका को दूसरी जगह शादी नहीं करने की धमकी दे रहा था और इसी बात से मृतिका डरी हुई थी। मानसिक रूप से प्रताड़ित युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में जांच के बाद पुलिस ने रामचंद्रपुर के ग्राम आबादी निवासी 22 वर्षीय पवन कुमार सिंह आ. स्व. दशरथ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

- प्रेमी नहीं कर रहा था शादी, दूसरे युवक से भी शादी नहीं करने की दे रहा था धमकी



## कीटनाशक पीने से युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** पटेलपारा निवासी जय कुमार सिंह आ. रामदेव सिंह (25 वर्ष) पिछले एक साल से पेट की बीमारी से परेशान था। बीमारी ठीक नहीं होने से युवक तनाव में रहने लगा और मोबाइल में व्यस्त रहने लगा। 28 अप्रैल की रात बीमारी से परेशान होकर कीटनाशक पी लिया। कीटनाशक पीने के बाद युवक ने अपने छोटे भाई अजय को फोन कर कीटनाशक पीने की जानकारी दी। घटना की जानकारी अजय ने परिजन को दी। परिजन जय कुमार को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। इस बीच परिजन उसे बेहतर उपचार के लिए शहर के निजी अस्पताल लेकर आ रहे थे तभी युवक ने रास्ते में दम तोड़ दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजन के सुपुर्द किया है।



## रामनगर में वरिष्ठ व्याख्याता जायसवाल को दी गई विदाई

**बिश्रामपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय रामनगर में पदस्थ वरिष्ठ व्याख्याता सुरेंद्र प्रसाद जायसवाल को सेवानिवृत्ति के अवसर पर विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रवासियों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई। वर्ष 1980 से 2025 तक की उनकी शिक्षकीय यात्रा न केवल शिक्षा के क्षेत्र में प्रेरणादायक रही, बल्कि उन्होंने मानवीय मूल्यों और संवेदनाओं को भी सदैव प्राथमिकता दी। उन्होंने अपने सेवाकाल के दौरान आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को निरंतर सहयोग प्रदान कर उनके जीवन को नई दिशा दी। वे एक आदर्श शिक्षक, सच्चे मार्गदर्शक और समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक के रूप में सदैव याद किए जाएंगे। विदाई समारोह में विद्यालय परिवार की ओर से उन्हें शॉल,श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती सुषमा बखला, एसएमडीसी अध्यक्ष बाबूलाल यादव, संकुल समन्वयक बिजेंद्र जायसवाल, सरपंच प्रतिनिधि रोहित सिंह, डॉ. सुनील श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित थे। सेवानिवृत्त वरिष्ठ व्याख्याता सुरेंद्र प्रसाद जायसवाल ने मंच से अपने विचार साझा करते हुए सभी को अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठावान रहने का संदेश दिया और सहयोग व स्नेह के लिए सभी का आभार व्यक्त किया।

# सुविधाओं और कमियों को जांचने मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंची कांग्रेस

**अंबिकापुर।** मेडिकल कॉलेज अस्पताल के साथ ही पीएचसी, सीएचसी में स्वास्थ्य सुविधाओं में आई गिरावट को लेकर कांग्रेस द्वारा गठित कमेटी ने अपनी जांच शुरू कर दी है। पहले दिन मेडिकल कॉलेज में टीम ने पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। टीम द्वारा आने वाले दिनों में अन्य पीएचसी, सीएचसी का निरीक्षण किया जाएगा और उसके बाद मौजूद कमियों को उजागर किया जाएगा।

बता दें की कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं में विगत डेढ़ वर्ष आई गिरावट की जांच के लिए पूर्व महापौर डॉ. अजय तिर्की के नेतृत्व में जांच टीम का गठन किया है। गठित जांच कमेटी ने बुधवार से अपना कार्य प्रारंभ कर दिया है। जांच कमेटी पहले दिन मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंची थी। इस दौरान जांच दल अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. आरसी आर्या के नेतृत्व में अस्पताल में स्थित हमर लैब, सोनोग्राफी और रेडियोलॉजी विभाग, ऑक्सीजन प्लांट, ट्रामा सेंटर, ब्लड बैंक, विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर, पूछताछ कर और रिकॉर्ड को देखकर व्यवस्था की जानकारी ली। आगामी दिवस में यह टीम अर्बन सीएचसी नवापारा सहित विभिन्न हमर क्लीनिक में जांच कर अपनी विस्तृत रिपोर्ट जिला कांग्रेस कमेटी को देगी जिसे सार्वजनिक किया जायेगा। पूर्व मेयर डॉ. अजय तिर्की के नेतृत्व में गठित इस जांच दल को आमजन के हित में जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने स्थायी रूप दिया है। आज जांच में जाने के पूर्व जांच दल ने अस्पताल प्रबंधन को सूचित किया था। जिला कांग्रेस अध्यक्ष ने जांच दल को निर्देश दिया है कि जांच दल आगे से बिना सूचना के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थाओं का औचक निरीक्षण करे। मेडिकल कॉलेज अस्पताल के निरीक्षण के लिए जांच दल के सदस्य हेमंत सिन्हा, श्रीमती सीमा सोनी, श्रीमती निमन राशि एक्का, गुरुप्रीत सिद्धू के साथ सहयोग के लिए अनूप मेहता, अजय सिंह, विनोद एक्का, आशीष जायसवाल, अंकित जायसवाल, ऋसभ जायसवाल भी मौजूद थे।

- जिलाध्यक्ष ने किया है जांच टीम का गठन, कमियों को किया जाएगा उजागर



## आदिवासी भूमि संरक्षण हेतु जारी किए गए निर्देश पावर ऑफ अटॉर्नी मामलों में होगी जांच

**अंबिकापुर।** सरगुजा जिला अनुसूचित जनजाति क्षेत्र है, आदिवासी भूमि के अधिकारों की रक्षा को लेकर कलेक्टर ने छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा 165 के तहत आदिवासियों के हितों का संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए पावर ऑफ अटॉर्नी के दुरुपयोग को रोकने हेतु सख्त निर्देश जारी किए हैं। हाल ही में जिला प्रशासन के संज्ञान में आया है कि आदिवासियों की भूमि पर खरीद-बिक्री, रजिस्ट्री, नामांतरण, बंटवारा, लीज आदि के मामलों में मूल आदिवासी के नाम पर भूमि की पावर ऑफ अटॉर्नी तैयार करवा ली जाती है। इसके आधार पर अन्य व्यक्ति भूमि का सौदा, रजिस्ट्री, नामांतरण और अन्य राजस्व कार्य करवा लेते हैं, जिससे आदिवासी भूमिहीन हो जाते हैं और उनके अधिकारों का हनन होता है। इस मामले को लेकर कलेक्टर ने विशेष निर्देश जारी किया है कि मूल भू-स्वामी की उपस्थिति यदि किसी न्यायालय में पावर ऑफ अटॉर्नी के आधार पर आदिवासी भूमि के हस्तांतरण का प्रकरण आता है तो उस मामले में मूल भू-स्वामी को न्यायालय में उपस्थित कर पावर ऑफ अटॉर्नी देने के कारणों की जांच की जाएगी। वृद्ध या असमर्थ व्यक्तियों के मामले यदि आदिवासी भू-स्वामी वृद्ध, बीमार या अन्य कारणों से न्यायालय में उपस्थित नहीं हो सकता, तो तहसीलदार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत मिलकर उस ग्रामीण के घर जाकर उसका बयान दर्ज करेंगे। इस कार्यवाही का वीडियो और फोटो भी न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। ताकि मामले में निराकरण किया जा सके। न्यायालयों का ऑनलाइन प्रबंधनः जिले के समस्त न्यायालयों को ऑनलाइन किया जाएगा। उपरोक्त प्रकरणों में की गई कार्यवाही की वीडियो रिकॉर्डिंग को सुरक्षित रखा जाएगा।

# भूमि प्रभावित ग्रामीणों की सुनवाई के लिए एसडीएम कार्यालय में हर मंगलवार होगी बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

एसईसीएल बिश्रामपुर के रेहर गायत्री परियोजना प्रभावित ग्राम गेतरा के ग्रामीणों द्वारा सोमवार 28 अप्रैल को मुआवजा व नौकरी की मांग को लेकर शुरू किए गए अनिश्चितकालीन आंदोलन के दूसरे दिन एसडीएम सूरजपुर शिवानी जायसवाल की उपस्थिति में प्रशासन, एसईसीएल प्रबंधन और आंदोलनकारी ग्रामीणों की त्रिपक्षीय बैठक में सहमति बन गई है,इसके बाद आंदोलनकारी ग्रामीणों ने दूसरे दिवस देर रात अपने आंदोलन को समाप्त कर दिया है एवं रेहर गायत्री खदान से कोयला उत्पादन व प्रेषण का कार्य शुरू हो गया है।

आंदोलन समाप्त होने से प्रबंधन और प्रशासन दोनों ने राहत की सांस ली है।बताया गया कि एसडीएम सूरजपुर की उपस्थिति में मंगलवार देर शाम हुई बैठक में निर्णय लिया गया कि आंदोलनकारी ग्रामीणों की मांगों की बिंदुवार समीक्षा के लिए हर मंगलवार एसडीएम कार्यालय में बैठक होगी और उस पर ग्रामीणों की राय लेकर उसके समाधान का शीघ्र प्रयास किया जाएगा, इसमें एसईसीएल प्रबंधन के एलएंडआर विभाग सहित कार्मिक विभाग के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे ,उन्हें दोनों खदानों के लिए अधिग्रहित की गई भूमि और बदले में प्रभावित परिवारों को उपलब्ध कराए गए नौकरी और मुआवजा की जानकारी दी जाएगी।बताया गया कि रेहर ,गायत्री भूमिगत खदान जिसके संचालन के लिए 1995-96 में दोनों खदानों के मुहाड़ा खोलने और कॉलोनी के निर्माण के लिए कंपनी ने भूमि का अधिग्रहण किया था ,दोनों खदानों से प्रभावित 58 भू स्वामियों को कंपनी ने मुआवजा और नौकरी तब उपलब्ध कराया था, अब दोनों खदान के विस्तार के क्रम में एक वर्ष के भीतर गायत्री खदान में जबकि दो वर्ष बाद रेहर खदान में प्रबंधन डिप्लेरिंग का काम शुरू करेगी ,इसके लिए भी भूमि का अधिग्रहण होना है ,इस हेतु मुआवजा निर्धारण की प्रक्रिया कंपनी स्तर पर शुरू की जा रही है जिसके विषय में भी लोगों को अवगत कराने का निर्णय लिया गया है।बताया गया कि राज्य शासन के अधिकारियों की उपस्थिति में एसडीएम कार्यालय में हर मंगलवार बैठक में ग्रामीणों को कंपनी की हर गतिविधियों से अवगत कराने सहित उनकी मांगों के विषय में हर बिंदुओ पर क्रमवार चर्चा के बाद निर्णय लिए जाने की सहमति के बाद आंदोलनकारियों ने सहमति देते हुए अपने तालाबंदी आंदोलन को समाप्त कर दिया ।दोनों खदानों में मंगलवार देर रात कोयला उत्पादन कार्य पुनः शुरू हो गया है।बता दें कि समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में कंपनी और क्षेत्र दोनों निर्धारित हुए कोल उत्पादन लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाए थे ,नए वित्तीय वर्ष में कंपनी के नए मुखिया हरीश दुहन की अगुवाई में क्षेत्रीय महाप्रबंधक डॉ संजय सिंह पूरे जोरशोर से इस वर्ष उत्पादन लक्ष्य हासिल करने युद्धस्तर पर प्रयास शुरू किया है।दो दिनों तक दोनों खदानों से कोयला उत्पादन बाधित रहने से करीब सात हजार टन कोयला उत्पादन बाधित हुआ है ,इसके अलावा कोल कर्मचारियों को बिना काम वेतन सहित खदान संचालित होने से करीब चालीस करोड़ रुपये के आसपास आर्थिक क्षति होने का अनुमान है।

- ग्रामीणों की सहमति के बाद रेहर गायत्री खदान से कोल उत्पादन हुआ शुरू
- हर मंगलवार की बैठक में एसईसीएल के एलएंडआर एवं कार्मिक विभाग के अधिकारी भी रहेंगे मौजूद



## खबर संक्षेप



### सिविल सेवा में चयनित केशव और शचि को एसएसपी ने किया सम्मानित

**अंबिकापुर।** यूपीएससी परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले शहर के युवाओं शचि जायसवाल और केशव गर्ग से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया। बता दें कि हाल ही में घोषित किए गए यूपीएससी परीक्षा के परिणामों में शहर के केशव गर्ग आ.विनोद गर्ग ने 496 वां रैंक हासिल किया है जबकि बौरीपारा निवासी शचि जायसवाल आ. मोहन जायसवाल ने सिविल सेवा परीक्षा मे 654 वां रैंक प्राप्त किया है। बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसएसपी राजेश अग्रवाल ने प्रतिभाओं को सम्मानित किया। उन्होंने यूपीएससी परीक्षा में चयनित उम्मीदवार केशव गर्ग एवं शची जायसवाल को यूपीएससी की सिविल सेवा परीक्षा में चयन होने की उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों एवं चयनित उम्मीदवारों के परिवार भी प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम मे शामिल रहे।

### राज्य में स्वास्थ्य सेवा में सूरजपुर अव्वल



**सूरजपुर।** राजधानी रायपुर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सूरजपुर जिले को क्षय उन्मूलन कार्यक्रम में निश्चय निरामय 100 दिवसीय जांच एवं उपचार अभियान अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर सम्मानित किया गया। साथ ही राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक में भी जिले के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया, कमिश्नर एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला की उपस्थिति में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. केडी पैंकरा, सिविल सर्जन सह अस्पताल अधीक्षक डॉ. अजय मरकाम, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रिंस जायसवाल और जिले की स्वास्थ्य विभाग की समर्पित टीम को सम्मानित किया। पुरस्कार समारोह के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने जिले की टीम की सराहना करते हुए कहा कि सूरजपुर जिला स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में निरंतर बदलाव के साथ प्रगति कर रहा है और यह पुरस्कार उनकी मेहनत और प्रतिबद्धता का प्रमाण है। कार्यक्रम में प्रदेशभर से स्वास्थ्य अधिकारी, डॉक्टर, नर्सिंग स्टाफ व विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.केडी पैकरा ने कहा कि हम लोग स्वास्थ्य सेवाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### शिक्षण सत्र के अंतिम दिन विद्यालयों में हुई एसएमसी बैठक



**प्रतापपुर।** विकास खंड प्रतापपुर अंतर्गत संकुल केंद्र खोरमा सहित सभी प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षण सत्र के अंतिम दिवस एसएमसी बैठक आयोजित कर परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। संकुल स्तरीय मेगा बैठक में बाल विवाह निषेध एवं नशा मुक्ति कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बाल विवाह निषेध एवं नशा मुक्ति पर संकुल नोडल श्रीमती अन्नपूर्णा दुबे एवं दिव्या गुप्ता द्वारा विस्तार से बताया। बैठक में शैक्षिक सत्र के वार्षिक गतिविधियों एवं प्रगति रिपोर्ट भी संकुल समन्वयक विनय कुमार तिवारी द्वारा प्रस्तुत किया गया एवं पालक प्रतिवेदन लिया गया। इस दौरान मुख्य अतिथि ग्राम करंजवार के सरपंच श्रीमती रामपति, कैलाश पैकरा, साहबानी कुजूर, श्रीमती उर्मिला मानिकपुरी, राजेंद्र प्रसाद यादव, श्रीमती कीर्ति सिन्, निशी एक्का, सुमित्रा सिंह, चंद्रावती कुशवाहा, रेणु तिवारी, सुघरी पैकरा, रामकृष्ण साहू, नरेश कुमार तिर्की, तिलकेश्वर सिंह, कल्पना मरकाम, उपासना यादव, मंजू ममता, चित्रलेखा आदित्य, श्रीमती सरिता टोप्पो, सुषमा गुप्ता, वर्षा मराठा सहित बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

### शैलेष देवांगन को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

**अम्बिकापुर।** साई बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय के फिजीक्स विभाग के सहायक प्राध्यापक शैलेष देवांगन को संत गहिरा गुरू



विश्वविद्यालय द्वारा डॉक्टरेट उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने प्रोफेसर एसके श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में स्टडी द फिजियो केमिकल प्रॉपर्टीज ऑफ स्वाइल एंड वाटर ऑफ उल्टा पानी, मैनपाट एरिया ऑफ सरगुजा डिविजन ऑफ छत्तीसगढ़ एट माइक्रोवेब फ्रीक्वेंसी विषय पर शोध किया है।

## शहर में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा, जगह-जगह हुआ स्वागत

# धूमधाम से मनाया गया भगवान श्री परशुराम का जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा बुधवार को भगवान श्री परशुराम की का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा के बाद विधि विधान से पूजा अर्चना और महा आरती की गई। परशुराम जन्मोत्सव को लेकर आयोजित शोभा यात्रा का विभिन्न समाज के लोगों ने जगह जगह स्वागत किया। इस शोभा यात्रा में विधायक राजेश अग्रवाल के साथ ही जनप्रतिनिधि और अधिकारी भी शामिल हुए।

**खास बात**
- अखंड रामायण के साथ हुई महाआरती

बता दें कि भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव को लेकर समाज के लोगों द्वारा बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही थी। भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर 29 अप्रैल को सुबह 9 बजे से श्री राम चरितमानस अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया गया जो बुधवार तक 24 घंटे अनवरत जारी रहा। अखंड रामायण पाठ के बाद समाज के लोगों द्वारा शाम 5 बजे के बाद स्थानीय गांधी चौक स्थित दुर्गा मंदिर से भव्य शोभा निकाली गई। शोभा यात्रा, बाइक रैली के गांधी चौक, घड़ी चौक, संगम चौक, महामाया चौक, गुरुनानक चौक, लरंगसाय चौक होते केनाबांध स्थित परशुराम मंदिर पहुंची। शोभा यात्रा में भगवान श्री परशुराम की झांकी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र थी। इसके साथ ही शोभा यात्रा का शहर में जगह जगह लोगों ने स्वागत किया। शोभा यात्रा के बाद परशुराम मंदिर में भगवान श्री परशुराम की विधि विधान से पूजा और महा आरती की गई। महा आरती के बाद भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें समाज के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शोभा यात्रा में महिलाओं और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। वहीं भगवान श्री परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर परिसर में समाज के निर्वाचित जनप्रतिनिधि, मेधावी छात्राओं व उत्कृष्ट कार्य करने वाले समाज के लोगों को सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर समाज के सचिव विकास पांडेय, आलोक दुबे, राजेश तिवारी, द्वितेंद्र मिश्रा, सतीश तिवारी, अनुज दुबे, बच्चू तिवारी, सत्येंद्र तिवारी, मनोज तिवारी, पार्षद विपिन पाण्डेय, अशोक दुबे, कैलाश मिश्रा, संतोष उपाध्याय, सीके मिश्रा, अनिल पाण्डेय, विनोद कुमार दुबे, महेंद्र उपाध्याय, चंद्रसेन तिवारी, वीरेंद्र दुबे, श्रीमती इति चतुर्वेदी, वसुधा तिवारी, मनोज तिवारी, दीपक मिश्रा, प्रेमचंद, सतीश तिवारी, विनोद तिवारी, सुनील तिवारी, संजय पांडे, सानू तिवारी, दीपू पांडे, ऋषि पांडे, अशोक, अंगद, दीपक पांडे, प्रकाशमणि त्रिपाठी, सतीश तिवारी, विनोद तिवारी, प्रमोद दुबे, सत्येंद्र पांडे, सहित अन्य मौजूद थे।





शोभायात्रा में शामिल समाज के लोग।

### मनाया गया भगवान परशुराम जन्मोत्सव

**कुसमी।** भगवान परशुराम की जयंती नगर में बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। शिव मंदिर प्रांगण से भव्य शोभा यात्रा निकली गई। नगर के मुख्य मार्ग के अलावा चौक चौराहों पर स्वागत किया गया। भगवान परशुराम जयंती के अवसर पर परशुराम के छाया चित्र पर पुष्प माला अर्पण कर मंत्रोच्चारण के साथ ब्राह्मण समाज द्वारा झंडा स्थापित किया गया। कुसमी ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष सुरेश वैध एवं जिला उपाध्यक्ष अरविंद तिवारी ने सर्व ब्राह्मण समाज को एक जुट होकर रहने तथा समाज में उत्कृष्ट कार्य करने की बात कही। उन्होंने कहा कि ब्राह्मण समाज का सनातन धर्म में पूर्व की तरह एक अलग पहचान बनी रहे। सनातन धर्म के प्रति अच्छे कार्य करते हुए शुरू से ही ब्राह्मण समाज हमेशा समाज में अग्रणी रहा है। इस दौरान परमेश्वर मिश्रा, उमेश्वर ओझा, नागेंद्र तिवारी, उपेंद्र तिवारी, श्रवण दुबे, शशांक दुबे, राकेश भारती, मनोज तिवारी, रवींद्र ओझा, पुष्पेंद्र ओझा, अरुण तिवारी, रमेश पांडेय, सुनील तिवारी, पंकज दुबे, नितेश तिवारी, दिनेश तिवारी, हरकेश भारती, नितेश भारती, शुभम तिवारी, नवीन तिवारी, राजेश गिरी, अनुज पांडेय, प्रफुल दुबे, सुशील दुबे, सतेंद्र दुबे, उमेश पांडेय सहित बड़ी संख्या में विप्र समाज से पुरुष एवं महिलाएं व युवक शामिल हुए।



## परशुराम जयंती पर विप्र समाज के लोगों ने की विधि-विधान से पूजा-अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रामानुजगंज

विप्र समाज द्वारा परशुराम जयंती धूमधाम से मनाया गया। नगर के प्राचीन शिव मंदिर में भगवान परशुराम की छायाचित्र पर विधि विधान से पूजा-अर्चना एवं हवन करते हुए बाजे गाजे के साथ विशाल बाइक रैली निकाली गई। इस दौरान रामानुजगंज सहित आस पास दर्जनों गांव के बड़ी संख्या में विप्र समाज के लोग उपस्थित रहे। शिव मंदिर में परशुराम जयंती के अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।

- निकाली गई बाइक रैली

उल्लेखनीय है कि विगत कई वर्षों से परशुराम जयंती विशेष धूमधाम से नगर में मनाई जाती है जिसके लिए कई दिन पूर्व से व्यापक स्तर में तैयारियां प्रारंभ कर दी जाती। इस वर्ष भी परशुराम जयंती को लेकर विशेष तैयारी विप्र समाज द्वारा की गई थी। परशुराम जयंती के अवसर पर सुबह से ही शिव मंदिर में पूजा अर्चना का दौर विप्र समाज द्वारा प्रारंभ कर दिया गया था जो दोपहर तक चलता रहा। विप्र समाज के विकास दुबे, मनोज तिवारी ने बताया कि परशुराम जयंती के अवसर पर विविध धार्मिक अनुष्ठान करते हुए बाइक रैली, भंडारा आयोजित किया गया। उन्होंने समाज की एकजुटता पर बल दिया तथा समाज में क्षेत्र का कोई भी ब्राह्मण सदस्य परिवार विशेष पद या योग्यता प्राप्त करता है तो उसे समय समय पर सम्मानित करने की बात कही। विप्र समाज द्वारा स्थानीय लरंगसाय चौक पर पुलवामा हमले में मारे गए लोगों को 2 मिनट का मौन धारण कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी और आतंकवादी हमले की कठोर निंदा की गई। विप्र समाज के लोगों ने आतंकवादियों की विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की। परशुराम जयंती के अवसर पर सुनील तिवारी को साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। साथ ही ऋषि द्विवेदी के पुत्र अंकित द्विवेदी द्वारा जेईई परीक्षा में सफलता अर्जित करने पर उन्हें साल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान समाज के अनूप तिवारी, सुनील तिवारी, सुदर्शन दुबे, रामशंकर दूबे, विपिन पाठक, मनोज दुबे, अरविंद दुबे, आरएस तिवारी, विकास तिवारी, दीपक दुबे, शैलेश दुबे, पारसनाथ पांडे, योगेंद्र ओझा, जीएन तिवारी, आरएन तिवारी, अनिल तिवारी, विकास दुबे, मनोज तिवारी, ऋषि द्विवेदी, दिवाकर द्विवेदी, द्वारिका नाथ पांडे, रितेश पांडे, लवकेश पांडे, उज्वल तिवारी, विष्णु पांडेय, ओमप्रकाश पांडेय, सुमन चौबे, प्रमोद मिश्रा, रमेश मिश्रा, संतोष तिवारी, रमाकांत शर्मा, उदय शंकर शर्मा, जय किशोर वैद्य, अशोक चौबे, आशीष चौबे, मुरारी तिवारी, दामोदर मिश्रा, अभिषेक दुबे, अंश पाठक, अनंत दुबे, आदर्श दुबे सहित विप्र समाज के अन्य लोग उपस्थित रहे।



## भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की बैठक में हुई नई नियुक्तियां, लिए गए कई निर्णय

**बिश्रामपुर।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के राज्य मुख्य आयुक्त सोमनाथ यादव की उपस्थिति में गत दिनों बैठक आहूत की गई। बैठक में राज्य मुख्य आयुक्त सोमनाथ यादव द्वारा संदीप अग्रवाल को जिला मुख्य आयुक्त एवं शंकर यादव को जिला संघ के अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यक्रम में जिले के सभी विकासखंड सचिव, प्रशिक्षित स्काउटर-गाइडर एवं जिला पदाधिकारी मौजूद रहे।राज्य मुख्य आयुक्त ने जिले के वार्षिक कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कार्यों में गति लाने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए और स्काउटिंग को गांव-गांव तक पहुंचाने का आह्वान किया।इस अवसर पर संभागीय डीओसी त्रिभुवन शर्मा, सरगुजा के जिला मुख्य आयुक्त तजिंदर बग्गा समेत अन्य अतिथि भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन सहायक राज्य आयुक्त एवं जिला प्रशिक्षण आयुक्त रामदत्त पटेल ने किया,वहीं आभार प्रदर्शन जिला सचिव उमेश गुर्जर ने किया। कार्यक्रम के उपरांत नगर के कारमेल कॉन्वेंट स्कूल, विकासखंड संघ और जिला संघ के संयुक्त तत्वावधान में प्याऊ घर का शुभारंभ कर आमजन के लिए जल सेवा का कार्य भी प्रारंभ किया गया। राज्य मुख्य आयुक्त सोमनाथ यादव ने कहा कि स्काउटिंग केवल संगठन नहीं, संस्कारों की पाठशाला है।

**हरिभूमि**

**पाठकों के लिए माह अप्रैल 2025 का बिल निम्नानुसार है**

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 10 दिन | 4.00 | 40.00 |
| 20 दिन | 5.00 | 100.00 |
| 30 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह अप्रैल 2025 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 मई 2025 तक जमा करें।

**प्रसार प्रबंधक**
**हरिभूमि**
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

## जिला खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद की बैठक

**सूरजपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन की अध्यक्षता में आज जिला खनिज संस्थान न्यास शासी परिषद की बैठक जिला संयुक्त कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े विडिओ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम जुड़ी थीं।

डीएमएफ शासी परिषद की बैठक में एजेंडा वार विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें वित्तीय वर्ष 2025-26 में सेक्टर-वार कार्ययोजना के अनुमोदन, जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत नियुक्त जनप्रतिनिधि,खनिज रियायत धारी,ग्राम सभा से नामांकित सदस्यों के अनुमोदन, स्वीकृत पदो के विरूद्ध कार्यरत, रिक्त पदों पर भर्ती हेतु अनुमोदन, जिले अंतर्गत प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष खनन प्रभावित क्षेत्रो की विकास खण्ड/नगर पंचायतवार ग्रामों के अनुमोदन, जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत स्वीकृत जिला ऑडिटोरियम में स्थापित किए गए ट्रांसफार्मर की राशि 12.09 लाख एवं आर्किटेक्ट फीस की राशि 8.80 लाख के भुगतान उपरांत कार्योत्तर स्वीकृति का अनुमोदन, वर्ष 2024-25 में निरस्त कार्यों का अनुमोदन, वित्तीय वर्ष 2023-24 की ऑडिट रिपोर्ट का अनुमोदन, वित्तीय वर्ष 2023-24 की वार्षिक रिपोर्ट का अनुमोदन, वर्षवार स्वीकृत कार्यों के प्रगति की समीक्षा व जिला खनिज संस्थान न्यास अंतर्गत प्राप्त आबंटन एवं शेष राशि की वित्तीय वर्षवार जानकारी पर क्रमवार चर्चा हुई। बैठक में सांसद चिंतामणी महाराज व उपस्थित विधायकों के साथ-साथ अन्य जिला खनिज संस्थान न्यास के सदस्यों ने भी आवश्यक सुझाव दिए। जिस पर कलेक्टर ने कहा कि बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों के सुझाव को अमल में लाते हुए जिला खनिज संस्थान न्यास की राशि का उपयोग नियमानुसार जिले के विकास के लिए किया जाएगा। बैठक में जिला खनिज संस्थान न्यास के सदस्यों ने राशि का उपयोग सशक्त पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में अधिक से अधिक उपयोग करने पर जोर दिया गया। बैठक में खनिज न्यास की नोडल अधिकारी द्वारा विस्तार से एजेंडा के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। बैठक में विधायक भूलन सिंह मराबी, श्रीमती शकुंतला सिंह पोर्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती चंद्रमणी देवपाल सिंह पैकरा, जिला पंचायत सदस्य लवकेश पैकरा, नगर पालिका परिषद उपाध्यक्ष शैलेष अग्रवाल अन्य जनप्रतिनिधि एवं पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार ठाकुर, डीएफओ पंकज कमल, जिला पंचायत सीईओ कमलेश नंदिनी साहू, डिप्टी कलेक्टर व जिला खनिज न्यास की नोडल अधिकारी चांदनी कंवर व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



### कीटनाशक पीने से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** कीटनाशक पीने से गंभीर हुए ग्रामीण की निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार पत्थलगांव अंतर्गत ग्राम बंदियाखार निवासी नान साय यादव आ. मनीराम यादव (57 वर्ष) 4 अप्रैल को अज्ञात कारण से घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। ग्रामीण के स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर चिकित्सकों ने उसे रेफर कर दिया जिस पर परिजन उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान बीती रात ग्रामीण की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

हरिभूमि

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

## लचर व्यवस्था को लेकर युवा कांग्रेस ने किया विद्युत कार्यालय का घेराव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अम्बिकापुर

संभाग मुख्यालय में लचर विद्युत व्यवस्था के विरोध में बुधवार को युवा कांग्रेस ने अध्यक्ष शुभम जायसवाल के नेतृत्व में मायापुर स्थित विद्युत कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान उन्होंने विद्युत विभाग की लचर व्यवस्था को लेकर जमकर नारेबाजी की। इसके साथ ही एक सप्ताह के भीतर शहर की विद्युत व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की। युवा कांग्रेस ने व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

- एक सप्ताह में व्यवस्था सुधारने की मांग, दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

इस दौरान युवा कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष व पार्षद शुभम जायसवाल ने बताया कि पिछले 1 माह से सामान्य आंधी और बारिश में पूरे शहर में विद्युत व्यवस्था ध्वस्त हो जा रही है। शहर के अलग-अलग फीडरों में घंटो बिजली गुल हो जा रही है। मंगलवार को आयी आंधी में तकिया स्थित वाटर फिल्टर प्लांट के नजदीक विद्युत खंभे के गिर जाने के कारण शहर में पेयजल की सप्लाई नहीं हो पाई है। लंबे समय से विद्युत विभाग के द्वारा शहर में विद्युत लाइन का मेंटेनेंस नहीं किया गया है। यह जानकारी मिली है कि विभिन्न सब-स्टेशन को विशुनपुर के मुख्य सब-स्टेशन से जोड़ने वाली लाइन काफी जर्जर अवस्था में है। सामान्य हवा चलने से इन मुख्य सप्लाई लाइन में फाल्ट हाता है और घंटो लाईन गोल रहती है। विद्युत विभाग के द्वारा रखरखाव में की जा रही लापरवाही के कारण शहर के अधिकांश इलाके लगातार अंधेरे में समय बिता रहे हैं। भीषण गर्मी में बिजली की आंख मिचौली से शहर के नागरिकों को हो रही असुविधा को लेकर कांग्रेस की यूथ विंग ने आज बिजली विभाग का घेराव और प्रदर्शन किया। इस दौरान बिजली विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंप यह मांग की गई कि 1 सप्ताह के भीतर पूरे शहर की विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करें। 1 सप्ताह बीतने के बाद भी यदि विद्युत व्यवस्था नहीं सुधरी तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। जिला कांग्रेस अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक ने भी शहर की ध्वस्त हुई विद्युत व्यवस्था को लेकर चिंता जताई है। उन्होंने कहा है कि युवा कांग्रेस के द्वारा आज के प्रदर्शन के बाद दी गई समय सीमा में विद्युत व्यवस्था को सुधारा नहीं जाएगा तो कांग्रेस शहर के सभी विद्युत ऑफिस का घेराव जिला कांग्रेस और उसके अनुषांगिक संगठन करेंगे। इस दौरान चंद्र प्रकाश सिंह, अमित तिवारी राजा, आतिश शुक्ला, कृष्ण मुरारी, मुकेश, अमित वर्मा, अंशु गुप्ता, अनिकेत, आफताब, रवि, साहिल, कोमल, संस्कार, राहुल सोनी, यश, आकाश, निक्कू, प्रतीक, सुमित, अनुज, चाहत, विशाल, रुस्तम, बिट्टू, निक्कू, ऋतिक, गबरू, ओम, रुद्रा, अंकुर, निखिल, अतुल, प्रियांशु आदि मौजूद थे।



online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच
04 जून, 14 जुलाई, 13 अगस्त, 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकाभेंट, श्री शिरडी सांई बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृनेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियो की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशिः-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411